(ख) फणीश्वरनाथ 'रेणु' की कहानी 'तीसरी कसम' की आंचलिकता ।

(ग) भीष्म साहनी की कहानी 'गुलेल का खेल' का बाल-मनोविज्ञान ।

इकाई IV

4. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंध 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' ? में छिपे मानवीय और दार्शनिक संदेश को स्पष्ट कीजिए । **16**

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्य विधाओं की समीक्षा कीजिए : **8+8=16**

(क) हरिशंकर परसाई कृत 'सदाचार का ताबीज' में निहित तीखा व्यंग्य ।

(ख) राहुल सांकृत्यायन की 'मेरी तिब्बत यात्रा' के आधार पर यात्रा-वृतांत विधा की विशेषताएँ ।

(ग) महादेवी वर्मा कृत 'घीसा' रेखाचित्र की मार्मिकता।

No. of Printed Pages : 05 Roll No. .....

58016

B.EL.Ed. (Second Year)

EXAMINATION, 2026

(Regular & Re-appear)

HINDI-I

Time : 3 *Hours*] [*Maximum Marks :* 80

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

नोट : प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

इकाई I

1. भाषा को परिभाषित करते हुए, मानव जीवन में इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए । साथ ही मानक भाषा की संकल्पना स्पष्ट करते हुए, व्याकरण और वर्तनी के स्तर पर मानक हिन्दी के विकास की विवेचना कीजिए । **16**

अथवा

(अ) भाषा के मौखिक और लिखित रूप में अंतर स्पष्ट करते हुए, जनसंचार माध्यमों में भाषा के विविध रूपों की चर्चा कीजिए । **8**

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : **8**

(i) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(ii) डिजिटल युग और हिन्दी भाषा ।

इकाई II

2. भारतेन्दु हरिश्चंद्र कृत 'अंधेर नगरी' नाटक की प्रासंगिकता और इसके व्यंग्य पक्ष की सविस्तार समीक्षा कीजिए । **16**

अथवा

'अंधेर नगरी' नाटक के आधार पर सिद्ध कीजिए कि विवेकहीन व्यवस्था किस प्रकार विनाश का कारण बनती है ? नाटक के मुख्य पात्रों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए । **16**

इकाई III

3. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' के कथ्य और शिल्पगत विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए । यह कहानी हिन्दी कहानी विधा में एक मील का पत्थर क्यों मानी जाती है ? **16**

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ (व्याख्या/समीक्षा) लिखिए : **8+8=16**

(क) मोहन राकेश की कहानी 'एक और जिन्दगी' में निहित संदेश ।

इकाई V

5. महादेवी वर्मा कृत 'मेरा परिवार' संस्मरण के आधार पर लेखिका के जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम और उनकी संस्मरणात्मक शैली की विस्तृत विवेचना कीजिए । **16**

अथवा

'मेरा परिवार' रचना के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि महादेवी वर्मा ने मानवेतर प्राणियों (पशु-पक्षियों) का चरित्रांकन किस प्रकार किया है ? किन्हीं **दो** रेखाचित्रों/पात्रों का उदाहरण देकर समझाइए । **16**

❖❖❖❖❖❖❖

इकाई V

5. महादेवी वर्मा कृत 'मेरा परिवार' संस्मरण के आधार पर लेखिका के जीव-जंतुओं के प्रति प्रेम और उनकी संस्मरणात्मक शैली की विस्तृत विवेचना कीजिए । **16**

अथवा

'मेरा परिवार' रचना के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि महादेवी वर्मा ने मानवेतर प्राणियों (पशु-पक्षियों) का चरित्रांकन किस प्रकार किया है ? किन्हीं **दो** रेखाचित्रों/पात्रों का उदाहरण देकर समझाइए । **16**

❖❖❖❖❖❖❖